हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 नवंबर 2025

11 पानी लीकेज से परेशान पेयजल के लिए हाहाकार



12 किसानों के खाते में दी 23 करोड़ 59 लाख सम्मान निधि






# भिवानी-रोहतक रोड पर अवैध बैंक्वेट हॉल को किया सील

- नगर योजनाकार विभाग ने अवैध कॉलोनी में प्लॉट न खरीदने को लेकर लोगों को चेताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत नगर योजनाकार विभाग द्वारा डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार मौजा भिवानी में भिवानी-रोहतक रोड पर टोल प्लाजा के पीछे एक अवैध बैंक्वेट हॉल को सील किया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने व सील करने का यह अभियान जारी रहेगा। इसी कड़ी में मौजा नौरंगाबाद के किला सखरा नंबर 50//14 में बना अवैध बैंक्वेट हॉल यानी समारोह सभागार को सील किया गया है। इस दौरान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लोगों को समझाया जा रहा है कि वे जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सड़कों की हरित पट्टी व अनाधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें। इसके अलावा अवैध कॉलोनी में कोई भी व्यक्ति प्लॉट, मकान, दुकान व सभागार आदि का क्रय-विक्रय ना करें।



भिवानी। बैंक्वेट हॉल को सील करती डीटीपी विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### झांसे में न आएं

शहर व आसपास में अनेक जगहों पर कुकरमुते की तरह अनेक अवैध कॉलोनियां पनप गई हैं। कॉलोनी काटने वाले भोले-भाले लोगों को अपने झांसे में लेकर उनको खेतों की जमीन या अवैध कॉलोनी के प्लाटों को बेच देते हैं। बाद में इन प्लॉटों से होने वाला नुकसान निर्दोष लोगों को सहना पड़ता है।

## कचरे में आग जलाने पर पांच का चालान

- प्रदूषण फैलने से रोकने के लिए डीसी के आदेश पर नगर परिषद ने शुरू किया अभियान

भिवानी। नगर परिषद प्रशासन ने कचरे में लाग लगाकर प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ चालान काटने का अभियान शुरू कर दिया है। नगर परिषद की टीम ने बुधवार को भी पांच लोगों के चालान काटे। वहीं, दूसरी ओर जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने शहर में बनाए गए रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि एनसीआर व आसपास क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के चलते ग्रैप का तीसरा चरण लागू हो चुका है। इसके लिए डीसी साहिल गुप्ता ने नगर परिषद प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि वे एनजीटी की हिदायतों के अनुसार शहर में कहीं भी कचरे में आग लगाई जाए तो उनके चालान किए जाएं। डीसी के आदेशों के चलते नगर परिषद द्वारा चालान काटने का अभियान शुरू किया गया है। जिला नगर आयुक्त मलिक ने बताया कि मंगलवार को भी पांच लोगों के चालान किए गए थे। इसके साथ-साथ लोगों को समझाया जा रहा है कि वे कचरे में आग ना लगाएं और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियां न करें। उन्होंने कहा कि चालान काटने के लिए दो टीमें बनाई गई हैं, जिसमें चार-चार सदस्य हैं। वहीं दूसरी ओर जिला नगर आयुक्त मलिक ने शहर में बेसहारा लोगों के लिए बस स्टैंड पर व रेलवे स्टेशन के नजदीक वेदान धर्मशाला में स्थापित किए रैन बसेरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## धोखाधड़ी से फसल मुआवजा हड़पने पर किया गिरफ्तार

- गांव जमालपुर निवासी महिला किसान की शिकायत पर मेवात से पकड़ा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पुलिस की थाना साइबर क्राइम पुलिस ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जमीन अपने नाम करवाकर फसल का मुआवजा लेने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव जमालपुर निवासी एक महिला ने थाना साइबर क्राइम पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके व उनके परिवार के सदस्यों की गांव जमालपुर व बलियाली में जमीन है 15 सितम्बर को सीएससी सेंटर पर क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जमीन का नाम दर्ज करवाने के लिए गए थे तो उन्हें पता चला कि उसका मुआवजा अवैध रूप से किसी दूसरे ने अपने खाते में डलवाया है। पुलिस जांच में गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान नरेश पुत्र सुभान निवासी जयसिंहपुरा, थाना सदर मेवात के रूप में हुई है।

## नौकरी का झांसा दे म्यांमार भेजा, स्कैम सेंटर में धकेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

इंस्टाग्राम के माध्यम से नौकरी का झांसा देकर एक युवक को अवैध रूप से थाईलैंड से म्यांमार ले जाने और धोखाधड़ी के कार्य में जबरन लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अमन पुत्र जयभगवान निवासी गांव खावा ने थाना बहल में दी शिकायत में बताया कि एजेंट लोकेश ने उसे थाईलैंड में 90 हजार रुपये मासिक वेतन पर डाटा-एंट्री जॉब दिलवाने का वादा किया था। अमन के अनुसार एजेंट ने टिकट व वीजा के नाम पर 15 हजार रुपये और नौकरी लगने के बाद 35 हजार रुपये देने की बात कही थी। 18 सितंबर 2025 को अमन थाईलैंड पहुंचा, जहां एयरपोर्ट से एक अनजान व्यक्ति उसे अवैध तरीके से म्यांमार स्थित एक स्कैम सेंटर ले गया। अमन ने बताया कि जब उसने धोखाधड़ी का काम करने से मना किया तो उससे 7 हजार डॉलर की मांग की गई। उसे मजबूरन स्कैम का काम करना पड़ा। थाईलैंड की आर्मी ने उसे पकड़ा और 6 नवंबर 2025 तक हिरासत में रखा और बाद में दिल्ली एयरपोर्ट भेज दिया गया। अमन ने बताया कि एजेंट ने न केवल धोखाधड़ी की बल्कि उससे 10 हजार थाई वाट भी हड़पे।

## खंडित मूर्तियों का गड्ढे में निष्पादन कर पर्यावरण को बचाया

- गोरक्षा दल और भिवानी परिवार मैत्री संघ की अनूठी पहल, जल प्रदूषण होने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

धार्मिक आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गोरक्षा दल और भिवानी परिवार मैत्री संघ ने मिलकर महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास की खंडित मूर्तियों को सम्मानजनक तरीके से निष्पादित करने के लिए इस मुहिम में सहयोग करें। यह कदम नदियों में मूर्तियों के विसर्जन से होने वाले जल प्रदूषण को रोकने और विखंडित मूर्तियों को उचित सम्मान देने के उद्देश्य से उठाया गया। बुधवार को लठियावाला जोहड़ के नजदीक स्थित बाबा जीतनाथ मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर खंडित मूर्तियों व अन्य धार्मिक सामग्री का विधिवत निष्पादन किया। इस अवसर पर भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन, गोरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार, भिवानी परिवार मैत्री संघ से कांता बजाज, सुनील बसल, विक्रम, बुद्धदेव आर्य, जगत नारायण, नंद किशोर अग्रवाल, शिवराज भारद्वाज, पारस, राकेश शर्मा, हनुमान कौशिक, गोरक्षा दल भिवानी से बलदेव, गोपी, कुकी परमार, गजेंद्र, आदी तंवर, गोलू, सूरज व अंकित नंदा आदि मौजूद रहे।


भिवानी। खंडित मूर्तियों को जेसीबी से गड्ढा खोदकर निष्पादन करते गोसेवक। फोटो : हरिभूमि





**डॉक्टर्स सजेशन**

**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब सर्दी के मौसम में बढ़ जाए जोड़ों का दर्द



**मेरी उम्र 58 वर्ष है। सर्दियों में मेरे जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है। कृपया कोई ऐसा उपाय बताएं ताकि इस मुश्किल का सामना न करना पड़े।**

**-कौशल किशोर, रोहतक**

सर्दी के मौसम में जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। खासकर अधिक उम्र के लोगों को यह दिक्कत ज्यादा होती है। इससे बचने का तरीका यही है कि सर्दी में एक्सपोजर कम से कम करें। अगर निकलना ही पड़े तो पूरी तरह से वूलेन कपड़े पहनकर निकलें। साथ ही खान-पान का विशेष ध्यान रखें और ठंडी या फ्रिज में रखी चीजें खाने से परहेज करें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। सर्दी में डेंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है। मुझे इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए?**

**-रोहन, बिलासपुर**

सर्दी के मौसम में यह समस्या गर्म पानी से नहाने की वजह से ज्यादा होती है। इससे बचने के लिए आप अधिक गर्म पानी से ना नहाएं। पानी को नॉर्मल कर लें। साथ ही नियमित रूप से बालों को धुलें, ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो जरूर आपको एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। अकसर जब मैं सुबह सोकर उठता हूं तो गले के पिछले पार्ट में अकड़न लगती है। कुछ देर में ठीक भी हो जाता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों होता है?**

**-राजीव, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लगता है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत है लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं है। ऐसे में आपको ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वह एक्स-रे कराकर इसका कारण पता लगाएंगे और ट्रीटमेंट होगा। फिलहाल आप सर्दी से बचें और रात में सोते समय गले के उस पार्ट को प्रॉपर ढंक कर रखें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। करीब एक साल से मुझे डाइजेशन की प्रॉब्लम है। भूख नहीं लगती है। कृपया मेरी इस समस्या का कोई कारगर समाधान बताएं।**

**-सुबीर, राजनांदगांव**

उम्र बढ़ने के साथ डाइजेशन सिस्टम स्लो हो जाता है। इसलिए आपको खान-पान में विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। ज्यादा तला-भुना खाना नहीं खाना चाहिए। इसके अलावा दोपहर के खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करना चाहिए। रात का डिनर बिल्कुल ही हल्का होना चाहिए। सोने से तीन घंटे पहले डिनर हो जाना चाहिए। इस तरह चेंज करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। कुछ दिनों के अंतराल पर मेरे सिर के अगले, पिछले या बीच के हिस्से में रह-रहकर दर्द होता रहता है। कई बार यह बहुत असहनीय हो जाता है, कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, भोपाल**

सिर में दर्द कई कारणों से होता है। कई बार गैस की वजह से काफी तेज दर्द होता है तो कई बार इसकी वजह माइग्रेन भी होता है। दर्द कब हो रहा है, कैसे हो रहा है, इस बारे में आपको डिटेल्स बतानी पड़ेगी। बेहतर होगा कि आप एक बार न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। वह पूरी हिस्ट्री समझकर ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-राजेश, दुर्ग**

आपने यह नहीं बताया कि यह दर्द कितने समय से हो रहा है? कई बार इसकी वजह संक्रमण हो सकता है तो कई बार अन्य कारणों से भी हो सकता है, लेकिन जांच कराए बिना कुछ भी कहना मुश्किल है। आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। आप बगैर डॉक्टर से संपर्क किए कोई भी मेडिसिन ना लें। बाहर का खाना बिल्कुल न खाएं।*

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**अवेयरनेस**

**अंशु सिंह**

विटामिन-डी, कैल्शियम अवशोषण, प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य और समग्र स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में अगर इसकी कमी का निदान नहीं हो पाता है, तो उससे डिप्रेशन, एंग्जायटी जैसी मानसिक समस्याओं का खतरा भी बढ़ जाता है। यहां आपको विस्तार से बता रहे हैं विटामिन-डी की महत्ता, इसके प्रमुख स्रोत, इसकी कमी के लक्षण और कमी दूर करने के उपायों के बारे में।

## फिजिकल-मेंटल हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है विटामिन-डी

आपको शायद पता नहीं होगा कि अपने देश के बड़े वर्ग के लोगों में एक चिंताजनक स्वास्थ्य संकट बढ़ रहा है। वह है विटामिन-डी की कमी। कुछ अध्ययनों के अनुसार प्रचुर मात्रा में धूप होने के बावजूद 70 प्रतिशत से अधिक भारतीयों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी है।

अकसर कई लोगों की उदासी, गुस्सा, चिड़चिड़ाहट की वजह किसी ना किसी प्रकार की चिंता या भय होता है। यही भय उन्हें अवसाद की दहलीज पर भी ले जाता है। रातों की नींद और चैन उड़ जाते हैं। कारण तलाशने पर कुछ भी हाथ नहीं लगता। मुमकिन है कि कुछ ऐसा हो रहा हो, जो बेवजह की उदासी और भय पैदा कर रहा हो। आपको लग रहा हो कि आप डिप्रेशन के शिकार हैं। कुछ लोग तो एंटी डिप्रेशन मेडिसिन लेना शुरू कर देते हैं, जबकि असली वजह शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है।

डॉक्टर्स बताते हैं कि विटामिन हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होते हैं। अब चाहे वो विटामिन-ए हो, विटामिन-बी, सी या विटामिन-डी। विटामिन-डी की कमी गंभीर मानसिक तनाव दे सकती है और हमें इसका पता भी नहीं चल पाता है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

हाल के वर्षों में विभिन्न अध्ययनों के जरिए मानसिक स्वास्थ्य में विटामिन-डी की भूमिका का समर्थन करने वाले प्रमाण पाए गए हैं। विटामिन-डी की कमी, खासकर अवसाद और चिंता के लक्षणों को बढ़ा सकती है। कई शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि शरीर में विटामिन-डी की कमी से न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, भूलने की बीमारी, दुविधा, थकान, मनोदशा में बदलाव, भूख न लगना, दर्द के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि, एकाग्रता की कमी, डर का



बढ़ना, अत्यधिक निराशा या उदासी की भावना, वजन कम होना या बढ़ना, चिंता आदि समस्याएं भी हो सकती हैं। कई अन्य अध्ययनों में अल्जाइमर रोग से पीड़ित लोगों के साथ-साथ संज्ञानात्मक हानि वाले स्वस्थ वयस्कों में विटामिन-डी के स्तर में कमी की बात सामने आई है, जो विटामिन-डी और संज्ञानात्मक कार्य के बीच संबंध का संकेत देती है।

### भारत में चिंताजनक है स्थिति

मेडिकल जर्नल नेचर में प्रकाशित एक शोध के अनुसार अफगानिस्तान, ट्यूनीशिया जैसे देशों की लगभग 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी विटामिन-डी की कमी से ग्रसित है। अमेरिका, कनाडा और यूरोप के लोग भी विटामिन-डी की कमी से जूझ रहे हैं। इन देशों में यह आंकड़ा क्रमशः 5.9 फीसदी, 7.4 फीसदी और 13 फीसदी के आस-पास है। एक अध्ययन के मुताबिक, भारत की करीब 70



फीसदी शहरी आबादी विटामिन-डी की कमी से जूझ रही है। जबकि देश में प्रचुर मात्रा में सूर्य की रोशनी उपलब्ध है। इसके बावजूद, लगभग 10 में से 9 व्यक्तियों में इस आवश्यक पोषक तत्व की कमी पाई जाती है।

### विटामिन डी की कमी के कारण

लोगों में विटामिन डी की कमी के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। जैसे, शहरीकरण एवं प्रदूषण की वजह से लोगों का ज्यादा समय घर के अंदर रहना, धूप में कम समय बिताना आदि। सूर्य के प्रकाश के संपर्क में न आने की वजह से इसकी कमी, शरीर की विटामिन-डी के संश्लेषण की क्षमता को काफी कम कर देती है। शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण का उच्च स्तर एक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो विटामिन-डी के संश्लेषण के लिए आवश्यक पराबैंगनी-बी (यूवीबी) किरणों को अवरुद्ध करता है। दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे घनी आबादी वाले शहरों में विशेष रूप से यह समस्या गंभीर है। इसके अलावा, भारतीय आहार, खासकर शाकाहारी आहार में प्रायः विटामिन-डी से भरपूर खाद्य पदार्थों की कमी होती है, जो वसायुक्त मछली, अंडे की जर्दी और फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों में पाया जाता है।

### क्यों जरूरी है विटामिन-डी

दिल्ली एनसीआर (गुरुग्राम) के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट **डॉ. धीरज कपूर** का कहना है कि 'सनशाइन विटामिन' के रूप में जाने जाने वाला विटामिन-डी, वसा में घुलनशील विटामिन होता है, जो मुख्य रूप से सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने पर त्वचा में संश्लेषित होता है। यह कई शारीरिक कार्यों को पूरा करने जैसे दांतों, मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत बनाने के अलावा मानसिक सेहत से लेकर हृदयाघात, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से हमें बचाने में सक्षम है। यह कैल्शियम और फास्फोरस के अवशोषण को सुगम बनाता है। इसकी कमी से ऑस्टियोपोरोसिस, संक्रमणों के प्रति संवेदनशीलता में वृद्धि और मांसपेशियों की कमजोरी सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। साथ ही, ये मनोदशा के नियमन को प्रभावित करती है। इसकी कमी अवसाद और चिंता से जुड़ी हो सकती है।

### कैसे काम करता है

हमारे शरीर की मांसपेशियों, हृदय, मस्तिष्क और प्रतिरक्षा प्रणाली में विटामिन-डी रिसेप्टर्स होते हैं। शरीर इस विटामिन को गुर्दे और यकृत तक पहुंचाता है, जहां यह एक सक्रिय हार्मोन में परिवर्तित हो जाता है। इस रूप में यह शरीर को कैल्शियम के अवशोषण में सहायता करता है। आपका शरीर सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आने से विटामिन-डी प्राप्त करता है। कुछ खाद्य पदार्थ और सप्लीमेंट्स भी विटामिन-डी के स्रोत हो सकते हैं। सांवले रंग के लोगों के शरीर में मेलेनिन का स्तर अधिक होता है। यह एक ऐसा पदार्थ है, जो मनुष्यों और पशुओं में आंखों, त्वचा और बालों को काला कर देता है। यह रंजकता त्वचा को विटामिन-डी को ठीक से अवशोषित करने से रोकती है।

### ऐसे दूर करें विटामिन-डी की कमी

आमतौर पर लोगों का औसतन 90 फीसदी समय घर या दफ्तर के अंदर बीतता है। घर के अंदर बिताए गए समय में वृद्धि के अलावा, ऐसे कपड़े पहनना, जो



त्वचा की अधिकांश सतह को कवर करते हैं या फिर सनस्क्रीन का उपयोग, विटामिन-डी की कमी में योगदान करते हैं। हां, बिना सनस्क्रीन के ज्यादा देर तक धूप में रहने से सावधान रहें, क्योंकि ओजोन परत के पतले होने से सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणें आसानी से धरती पर पहुंचती हैं और त्वचा कैंसर के खतरे को बढ़ाती हैं। इसलिए विटामिन-डी की कमी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है अपने आहार में मछली, मांस, अंडे की जर्दी, फोर्टिफाइड डेयरी उत्पाद और मशरूम को शामिल करें। साथ ही पर्याप्त धूप लें, जो विटामिन-डी का सबसे प्रमुख स्रोत है।*

### लीवर की समस्या से भी हो सकती है कमी



वैद्य डॉ. अमृता शर्मा

**आज की** जीवनशैली में जहां सूर्य का प्रकाश हानिकारक माना जा रहा है। लोग अपनी त्वचा को धूप से बचाने के लिए शरीर को ढंकते हैं। फैशन उद्योग द्वारा सनस्क्रीन लोशन का प्रचार, वातानुकूलित कमरों में रहना, त्वचा से चिपके कपड़े, उचित आहार और दिनचर्या का अभाव विटामिन-डी की कमी के कारण हैं। कभी-कभी सूर्य के प्रकाश के पर्याप्त संपर्क में आने के बाद भी विटामिन-डी की कमी देखी जाती है। यह लीवर की समस्या के कारण हो सकता है, क्योंकि लीवर विटामिन-डी का उत्पादन करने के लिए सूर्य के प्रकाश का उपयोग करता है। अगर लीवर ठीक से काम नहीं कर रहा है, तो यह विटामिन-डी की कमी का कारण बनता है। विटामिन-डी एक वसा में घुलनशील विटामिन है, इसलिए इस विटामिन के कैप्सूल लेने के बाद भी यदि लीवर ठीक से काम नहीं करता है, तो शरीर के लिए इस विटामिन का उपयोग करना मुश्किल होगा और लाभ के बजाय यह विटामिन कैप्सूल शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए व्यक्ति को सुबह की धूप में सैर करना चाहिए, ढीले कपड़े पहनकर व्यायाम करना चाहिए।

---

**मेडिटेक्नीक**

## आईवीएफ की सक्सेस रेट बढ़ा सकता है एआई

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आईवीएफ मेडिकल प्रोसीजर में भी किया जा रहा है। एआई, एंब्रयो के पैटर्न को देखकर यह बता सकता है कि उसको किस क्रम में ट्रांसफर करना चाहिए या कौन-सा भ्रूण सबसे बेहतर रहेगा? इस बारे में डिटेल में बता रही हैं, नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर, गुरुग्राम की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट **डॉ. रश्मि अग्रवाल**।

आईवीएफ ने दुनिया भर में लाखों दंपतियों को माता-पिता बनने का सपना पूरा करने में मदद की है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इस क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव ला रहा है। एआई डेटा, तस्वीरें और विशेष कंप्यूटर एल्गोरिदम की मदद से ऐसे पैटर्न पहचानता है, जिन्हें आमतौर पर इंसान नहीं देख पाता। इससे डॉक्टरों को इलाज के दौरान ज्यादा सटीक निर्णय लेने में मदद मिलती है। एआई के आने से आईवीएफ



प्रक्रिया पहले से अधिक प्रभावी, सटीक और मरीज के लिए आसान बन गई है।

- एआई, भ्रूण की तस्वीरें देखकर यह पता लगा सकता है कि कौन-से भ्रूण के सफलतापूर्वक गर्भाशय में लगने की संभावना ज्यादा है। यह एल्गोरिदम बहुत बड़े डेटा पर प्रशिक्षित होते हैं, जिससे भ्रूण के विकास में आने वाले छोटे-छोटे बदलाव भी पकड़ में आते हैं। इससे स्वस्थ भ्रूण चुनने की प्रक्रिया सटीक होती है।
- एआई की मदद से फर्टिलिटी विशेषज्ञ हर मरीज के लिए डेटा-आधारित और व्यक्तिगत ट्रीटमेंट डिसाइड कर सकते हैं। एआई हार्मोन के स्तर और दवाओं पर शरीर की प्रतिक्रिया का विश्लेषण करके सही दवा की मात्रा और ओवेरियन स्टिम्युलेशन का समय तय करता है। इससे अंडाणु की गुणवत्ता बढ़ती है और इलाज से अच्छे परिणाम मिलते हैं।



- एआई तकनीक से बने इमेजिंग टूल्स ऐसे शुक्राणु चुन सकते हैं, जिनकी गति और आकार सबसे अच्छा हो। इससे बेहतर भ्रूण बनते हैं और गर्भधारण की संभावना भी बढ़ती है।
- एआई सिस्टम, भ्रूण के विकास को रीयल-टाइम यानी लगातार मॉनिटर करते हैं और किसी भी असामान्यता को तुरंत पहचान लेते हैं। इससे डॉक्टर भ्रूण ट्रांसफर से पहले समय रहते सुधार कर सकते हैं, जिससे गर्भ ठहरने की संभावना बढ़ जाती है।*

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

**योगोपचार**

**दिव्यज्योति 'नंदन'**


सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। इस दौरान स्वस्थ और फिट रहने के लिए आपको कुछ आसनों को अपने रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको बता रहे हैं, तीन ऐसे ही कारगर आसन।

## रोज करिए ये तीन योगासन इस मौसम में रहेंगे स्वस्थ

सर्दी के मौसम में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। सर्दियां शुरू होते ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अगर आप कुछ सरल योगासनों को अपने रूटीन में शामिल कर लें तो कई परेशानियों से बचे रहेंगे। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं। तो आइए जानें ये कारगर तीन सरल योगासन कौन से हैं?

**त्रिकोणासनः** त्रिकोणासन सर्दी के मौसम में हमें स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण आसन है। यह खड़े होकर किया जाने वाला आसन है, जिससे हमारा शरीर पर्याप्त खिंचाव हासिल करता है। सर्दी के दिनों में पर्याप्त रूप से त्रिकोणासन कर लिया जाए तो शरीर में जरूरी लचीलापन बना रहता है। इसके चलते हमारी पाचनक्रिया सही रहती है और ठंड से सिकुड़ी मांसपेशियों को राहत मिलती है।

**उष्ट्रासनः** उष्ट्रासन या कैमल पोज भी उन कुछ गिने-चुने आसनों में से एक है, जो



त्रिकोणासन

सर्दियों में हमें तमाम तरह की परेशानियों से बचाकर रखता है। यह आसन सर्दियों में होने वाली सीने की जकड़न को खोलता है, जिससे ठंडी हवा का प्रभाव खत्म होता है।



उष्ट्रासन

उष्ट्रासन करने से हमारे फेफड़े और हृदय को लाभ होता है। शरीर में गर्माइश बनी रहती है, पाचन बेहतर होता है और शरीर में जरूरी लचीलापन तथा कई तरह के दर्द से राहत मिलती है। उष्ट्रासन नियमित रूप से करने से सर्दियों में हमारे शरीर में ऊर्जा का सतत प्रवाह बना रहता है।



**पवनमुक्तासनः** पवनमुक्तासन का मूल काम सर्दियों में हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त रखना है, जिससे हमारा शरीर सर्दियों में गैस और अपच की परेशानियों से दूर रहता है। इससे पेट की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं। शरीर में हल्कापन महसूस होता है और ऊर्जा का लगातार प्रवाह बना रहता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता दुरुस्त रहती है।

इस तरह इस मौसम में किए जाने वाले ये सीधे सरल तीन आसन हमें बहुत राहत देते हैं। इन आसनों का अभ्यास करने से पहले अनुभवी प्रशिक्षक से इनकी सही विधि जरूर सीख लें।*

---

**उपयोगी फल**

**शिवचरण चौहान**

पपीते में अनेक स्वास्थ्यवर्धक और रोग निवारक गुण होते हैं। यह आसानी से हर कहीं उपलब्ध भी होता है। पपीते के स्वास्थ्यवर्धक गुणों के बारे में आपको विस्तार से बता रहे हैं।

## गुणकारी-स्वास्थ्यवर्धक पपीता

भारत में लगभग सभी जगह, सभी ऋतुओं में पपीता आसानी से मिल जाता है। पपीता मीठा, पौष्टिक और सस्ता फल है। पपीता के फल, पत्ते, जड़ और फलों के बीज औषधि के रूप में काम आते हैं। आकार, रंग, गंध और स्वाद में भिन्नता लिए हुए पपीते की अनेक किस्में होती हैं। सामान्यतया सभी पपीते बीजयुक्त होते हैं। किसी में बहुत ज्यादा निकलते हैं तो किसी में गिनती के बीज होते हैं। कच्चे फल का छिलका हरा और गूदा सफेद होता है। यह सब्जी और आचार बनाने में विशेष तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। फल के पकने पर छिलके का रंग केसरिया हो जाता है। कृत्रिम ढंग से पकाया गया पपीता जहां पीले रंग का होता है, वहीं डाल पर पका केसरिया रंग का होता है। दिखने में पीले रंग का पपीता अच्छा जरूर लगता है लेकिन पौष्टिक तत्वों और स्वाद की दृष्टि से डाल पर अपने आप पका केसरिया रंग का पपीता श्रेष्ठ होता है। आसानी से पच जाने के कारण पका हुआ पपीता रोगियों को पथ्य के रूप में दिया जाता है।

पपीता के फल को भोजन के बाद खाना उचित होता है। पके पपीते से जैम, मिष्ठान, खीर आदि बनाई जाती हैं, जो स्वादिष्ट और पौष्टिक होती है। जिन व्यक्तियों को लीवर और पाचन संबंधी शिकायत होती है, उनके लिए पपीते का सेवन अत्यंत लाभदायक होता है। आयुर्वेद के अनुसार कच्चा पपीता मलरोधक, वायु तथा कफ को कुपित करने वाला तथा पका हुआ पपीता रस में मधुर, पित्तनाशक, रुचिकारक, भारी और स्वादिष्ट होता है।

**मौजूद पोषक तत्वः** वैज्ञानिकों का कहना है कि एक पपीते के विभिन्न तत्वों का प्रतिशत इस प्रकार है- जल 89.6 प्रतिशत, वसा 0.1 प्रतिशत, कार्बोहाइड्रेट 9.4 प्रतिशत, खनिज पदार्थ 0.4 प्रतिशत, प्रोटीन 0.5 प्रतिशत होता है। इनके अतिरिक्त कैल्शियम, फॉस्फोरस, लोहा, टार्टरिक एसिड, साइट्रिक एसिड, मैलिक एसिड, विटामिन-ए, बी, सी और डी भी पपीते में पाए जाते हैं। पैप्सिन नामक पदार्थ की उपस्थिति के कारण पपीता का फल पाचन शक्ति में वृद्धि करके मंदाग्नि को दूर करता है। पेप्सिन हमारे द्वारा खाए प्रोटीन पदार्थों का पाचन करता है।

पके हुए पपीते में 'केरोटीन' नामक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होता है, जो हमारे शरीर में पहुंचकर विटामिन-ए बन जाता है। फल में 68 से 100 मिलीग्राम तक विटामिन 'सी' होता है। पपीते का नियमित सेवन करने से हमें विटामिन-ए और विटामिन-सी पर्याप्त मात्रा में मिल जाते हैं, जिससे अनेक रोगों से रक्षा करने में हमें मदद मिलती है।

**कई तरह से फायदेमंदः** पपीते में विटामिन-डी बहुत अधिक मात्रा में मिलता है, जो शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। इससे हड्डियों को ताकतवर बनाया जा सकता है। पपीते का लौह तत्व, रक्त वृद्धि करता है। कैल्शियम शरीर की



हड्डियों को मजबूत करता है। मस्तिष्क और वात जनित रोगों के लिए फॉस्फोरस काम आता है। कार्बोज शरीर में गर्मी पहुंचाता है और प्रोटीन मांसपेशियों की वृद्धि करता है। 100 ग्राम पपीते का गूदा हमें 56 कैलोरी ऊर्जा प्रदान करता है। पपीते का नियमित सेवन करने से स्वास्थ्य और यौवन लंबे समय तक रहता है। इसके अलावा एनीमिया, उदर विकार, अजीर्ण, मंदाग्नि, दुर्बलता, क्षयरोग, दमा, नेत्र और चमड़ी के विकारों से हमारी रक्षा होती है। रोगियों के अलावा सामान्य व्यक्ति को भी पपीता रोज खाना चाहिए। कच्चे पपीते का दूध कीटाणु व कृमि नाशक होने के कारण दाद-खाज, खुजली आदि चर्म रोगों में नियमित रूप से लगाने से उनमें आराम मिल जाता है। कच्चे पपीते का गूदा घाव पर लगाने से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। गर्भवती महिलाएं पपीता नियमित रूप से खाएं तो खून की कमी नहीं होगी और बच्चा भी स्वस्थ होगा। शिशु जन्म के पश्चात जब स्तनों में दूध कम आए तब पपीता खाना लाभप्रद होता हैं। अपना दुबलापन मिटाने और शरीर का हष्ट-पुष्ट बनाने के लिए पपीते का हलुवा या खीर नियमित रूप से खाएं। मंदाग्नि और अजीर्ण रोग से पीड़ित व्यक्ति सुबह नाश्ते में खाली पेट केवल पका हुआ पपीता खाएं। पपीते के पत्तों का रस पीने से खून में आयरन और प्लेटलेट्स बढ़ते हैं। पेट के कैंसर और अल्सर में भी पपीते का सेवन बहुत फायदेमंद साबित होता है।*

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सरकार की किसान हितैषी सबसे बड़ी योजनाः दलाल

# एक लाख 17 हजार किसानों के खातों में डाली गई 23 करोड़ 59 लाख रुपये सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ पूर्व कृषि मंत्री दलाल जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया

प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भारत सरकार की किसान हितैषी व विश्व की सबसे बड़ी योजना है। भाजपा किसान हित को सर्वोपरि मानने वाली पहली सरकार, जिसने छोटे किसानों के लिए अनेक नीतियां बनाकर डीबीटी के माध्यम से सीधा उनके खाते में पैसा डाला है। उन्होंने कहा कि भिवानी जिले के किसानों का झींगा विदेशों तक जाता है। उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के साथ-साथ किसान को प्रोसेसिंग पर ध्यान देना चाहिए, जिससे उसका कारोबार और आमदनी बढ़े। सरकार इसके लिए सहायता राशि प्रदान कर रही है, जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि किसानों को अपना संबोधन दे रहे थे। इस दौरान तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम में प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त की जारी करने का लाइव प्रसारण दिखाया। इस दौरान भिवानी जिला के एक लाख 17 हजार किसानों के खातों में 23 करोड़ 59 लाख रुपए डाले गए। कार्यक्रम में डीसी साहिल गुप्ता, डीडीए डा. विनोद फोगाट, केवीके के वरिष्ठ कोर्डिनेटर डा. रविन्द्र ढिल्लो भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने देश के नौ करोड़ किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ रुपए की राशि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के रूप में डाली।


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री जेपी दलाल व उपायुक्त।

### प्रगतिशील किसानों का स्वागत किया

उन्होंने मुख्य अतिथि व अन्य मेहमानों व प्रगतिशील किसानों का स्वागत किया। डॉ. फोगाट ने बताया कि प्रदेश के 15 लाख 81 हजार 908 किसानों के खातों में 316.38 करोड़ रुपए की राशि आई, जिसमें भिवानी जिला के एक लाख 17 हजार किसानों के खातों में 23 करोड़ 59 लाख रुपए डाले गए। अब तक जिला में किसानों के खातों में 505 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से आ चुकी है।

### चरखी दादरीः पीएम किसान सम्मान निधि के मिले 10. 94 करोड़

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है किसानों को खाद-बीज के लिए साहूकारों से ऋण ना लेना पड़े : सांसद

**चरखी दादरी।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाइव आकर संबोधित किया।

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पीएम-किसान सेवाएं किसानों के लिए सरकार द्वारा अनूठी सेवा शुरू की गई है। इस योजना के तहत, पात्र भूमिधारक छोटे और सीमांत किसानों के परिवारों के आधार कार्ड से जुड़े बैंक खातों में हर चार महीने में 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में 6000 रुपये प्रति वर्ष का सीधा भुगतान किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना था कि किसानों को खाद बीज के लिए साहूकारों से ऋण ना लेना पड़े। इसलिए उन्होंने किसानों के सम्मान के लिए किसान निधि योजना की शुरुआत की थी। जिससे किसानों के खाते में सीधा पैसा डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 80 करोड़ नागरिकों को सस्ता अनाज दे रहे हैं। उनकी सोच है कि कोई भी नागरिक भूख ना रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम पलवल जिले में आयोजित किया गया, जिसका सीधा लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि जिले के 54721 किसानों के खातों में लगभग 23.59 करोड़ रुपये की राशि डाली गई है।


चरखी दादरी। किसानों को संबोधित करते सांसद धर्मवीर सिंह।


बवानीखेड़ा। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

## छात्राओं को खेलों का महत्व बताया

# महिला कॉलेज में खेलकूद स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ठाकुर शंभू सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय में 11वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. प्रवीण के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सुरेश कुमार मलिक, खेल निदेशक तथा डीन छात्र कल्याण विभाग चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को खेलों के महत्व व शारीरिक एवं मानसिक विकास में खेल की भूमिका के बारे में प्रेरित किया। मंच संचालन डॉ सोनम तथा सुनील शर्मा द्वारा किया गया। पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुंदर अत्री, अध्यक्ष, नगर पालिका बवानी खेड़ा रहे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को सम्मानित किया। नींबू दौड़ में प्रथम स्थान स्नेहा बी ए तृतीय, द्वितीय दीपिका ,तृतीय खुशबू रही। दौड़ 200 मीटर प्रथम स्थान शशि बी ए प्रथम, द्वितीय सीमा बी ए तृतीय, तृतीय खुशबू बी ए द्वितीय । लंबी कूद प्रथम स्थान शशि बी ए प्रथम, द्वितीय मुस्कान तृतीयः दीपिका चौथा स्थानः उषा ने प्राप्त किया 1 दौड़ 400 मीटर में प्रथम स्थान मुस्कान बीए द्वितीय, द्वितीय स्थान दीपिका बीए द्वितीय, तृतीयः रेनू बीए द्वितीय, ऊंची कूद में प्रथम स्थान शशि बीए ने प्रथम प्राप्त किया।

## आयरन लेडी ने देश को एकता के सूत्र में बांधे रखने के उठाए थे कदम : गुलिया

# कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी और झांसी की रानी को किया नमन

■ 1971 में इंदिरा गांधी के साहसिक नेतृत्व में भारत की शक्ति एवं कूटनीति का विश्व ने माना था लोहा : जोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री व आयरन लेडी इंदिरा गांधी एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी शहरी ने रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और देशहित में उनके द्वारा किए अमूल्य कार्यों को याद किया। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने देश को एकता के सूत्र में बांधे रखने और गरीब व कमजोर वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। इंदिरा गांधी ने 14 बड़े निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश की पूंजी पर आम आदमी का हक सुनिश्चित किया, जिससे समाज के गरीब और मध्यम वर्ग को कृषि एवं रोजगार के लिए ऋण प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। गरीबी हटाओ के नारे को याद करते हुए कहा कि ये केवल एक नारा नहीं, बल्कि गरीबों के उत्थान के लिए एक प्रतिबद्धता थी, जिसे बीस सूत्री कार्यक्रम के माध्यम से जमीन पर उतारा।


भिवानी। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी व अन्य।

## इंदिरा गांधी के योगदान को किया याद



**भिवानी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी के नेतृत्व में उनके निवास स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर आयरन लेडी इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने उनके दृढ़ संकल्प, साहसिक फैसलों और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के प्रयासों को याद किया। कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी के जीवन और कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हम देश की उस महान हस्ती की जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने भारत को न केवल विश्व पटल पर नई पहचान दी, बल्कि देश के गरीबों, किसानों और वंचितों के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए।

### इंदिरा गांधी ने भारत को नई पहचान दिलाई

**चरखी दादरी।** देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को नई पहचान दिलाने में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का अहम योगदान है। यह बात जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील धानक ने यहां दिल्ली रोड पर भगवती प्रतिष्ठान पर इंदिरा गांधी के 108वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश की पहली महिला प्रधानमन्त्री इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों तक की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के विरोधी दल के नेता भी उनके साहस के कायल थे और उनकी बुद्धि, चतुराई व राजनीतिक दक्षता का गुणगान करते थे।

## महिलाएं हकों के लिए खड़ी होती है तो निश्चित तौर पर होता बदलावः मंजीत

# पौधरोपण कर झांसी की रानी व इंदिरा गांधी के साहस को किया याद

■ एनएसयूआई भिवानी इकाई ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

एनएसयूआई भिवानी इकाई ने बुधवार को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी एवं झांकी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर सीबीएलयू के ओल्ड कैंपस में पौधरोपण किया। कार्यक्रम में छात्रों और कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मंजीत लांगायन ने देश की दो महान महिलाओं झांसी की रानी और इंदिरा गांधी के साहस और नेतृत्व को याद किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी और झांसी की रानी दोनों ने ये साबित कर दिया कि जब कोई महिला खड़ी होती है, तो इतिहास बदल देती है।

उन्होंने बताया कि झांसी की रानी ने उस दौर में लड़ाई लड़ी, जब लड़कियों को घर से बाहर निकलने तक की इजाजत नहीं थी और दूसरी तरफ इंदिरा गांधी ने उस समय देश का नेतृत्व किया, जब राजनीति पुरुषों का वर्चस्व वाला क्षेत्र मानी जाती थी। उन्होंने लड़कियों की सराहना करते हुए कहा कि उनमें वहीं हिम्मत है जो झांसी की रानी में थी और वही नेतृत्व है जो इंदिरा गांधी में था। उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी से कम नहीं हैं और जब वे अपने हक के लिए खड़ी होती हैं तो बदलाव निश्चित है।

### मौजूद रहे

एनएसयूआई छात्र नेता सुमित बराड़ ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा से छात्रों की आवाज बनकर खड़ी रही है। उन्होंने इंदिरा गांधी को सिर्फ भारत की प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि एक ऐसी नेता बताया, जिन्होंने पूरी दुनिया को यह दिखाया कि एक महिला कितनी मजबूत, कितनी निर्णायक और कितना दूर तक सोचने वाली हो सकती है। प्रिया मलिक ने कार्यक्रम में लड़कियों की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर पौधे लगाएं और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर दीपक देशवाल, रवि जताई, मनोज ग्रेवाल, युवराज बराड़, धीरज टिकानिया, रविदास, संजना, मिक्कू रांगा, मंजू, कविता, ममता, सविता, ललिता व कोमल मौजूद रहीं।

# वोटों के लिए भाजपा कर रही राजनीतिः बृजेंद्र

■ लोहारू पहुंची पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में हरियाणा के नरवाना हलके से शुरू की गई सद्भावना यात्रा 46वें दिन लोहारू हलके में पहुंची, जिसका कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान लोहारू में यात्रा से पहले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी को पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह और उनके पुत्र बृजेंद्र सिंह सहित कांग्रेसी नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। लोहारू पहुंचने पर राजसिंह गागड़वास, प्रताप सिंह गिगनाऊ सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने स्वागत किया। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने गिगनाऊ में पूर्व सरपंच प्रताप सिंह सांगवान के पर आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि उनकी यह सद्भाव यात्रा पांच अक्टूबर से नरवाना हलके से शुरू हुई थी और अब तक यात्रा 17 हलकों का दौरा कर चुकी है।


लोहारू। लोहारू में सदभाव यात्रा के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि देते पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। फोटोः हरिभूमि

### 36 बिरादरी के सद्भाव को सुदृढ़ करने के लिए यह यात्रा शुरू की गई

पूर्व में सरकार ने प्रदेश में वोट की राजनीति करते हुए सामाजिक विभाजन की राजनीति की, जिसके परिणाम अच्छे नही होंगे। उन्होंने बताया कि 36 बिरादरी के सद्भाव को सुदृढ़ करने के लिए यह यात्रा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आपसी भाईचारे में विभाजन का विष घोलने का प्रयास किया गया था, लेकिन इसके परिणाम ठीक नहीं रहेंगे। बिहार चुनावों पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि चुनावों से पहले राहुल गांधी की यात्रा से चुनाव प्रचार को गति मिली थी लेकिन चुनाव परिणाम उनकी समझ से परे है।

### किसानों को दिया समर्थन

बृजेंद्र सिंह ने किसानों के मुद्दे पर कहा कि लोहारू में किसान चार महीने से करोड़ों रुपयों के फसल बीमा क्लेम भुगतान की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। इससे पहले बृजेंद्र सिंह ने लघु सचिवालय परिसर में चल रहे किसानों के अनिश्चितकालीन धरने को भी समर्थन दिया। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि किसान, फौज, कमेरे वर्ग और मुसलमान वर्ग सरकार की नीतियों से बेहद नाराज हैं। यात्रा बुधवार को महावीर भवन, बस स्टैंड, सब्जी मंडी चौक, रेलवे स्टेशन, महात्मा गांधी चौक, अनाज मंडी, भगत सिंह चौक, देवीलाल चौक, ढाणी टोडा, गिगनाऊ, सिंघानी, खरकड़ी 52 वाली होते हुए ढिगावा मंडी तक पहुंची। इस दौरान राज सिंह गागड़वास ने बीरेंद्र सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

# शिक्षा विभाग की सहायक निदेशक ने किया भीम स्टेडियम का निरीक्षण

■ भिवानी को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाएगी यह प्रतियोगिता : डा. वीना सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राष्ट्रीय स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता (एथलेटिक्स) के सफल आयोजन को लेकर तैयारियों में तेज़ी आ गई है। इसी क्रम में शिक्षा विभाग खेल की सहायक निदेशक डॉ. वीना सिंह ने बुधवार को स्थानीय भीम स्टेडियम स्थल का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध उच्च-स्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। यह प्रतियोगिता भीम स्टेडियम में 26 से 30 नवंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के खिलाड़ी भाग लेंगे। कोच सत्यवान व पीटीआई विनोद पिंकू ने बताया कि बुधवार को शिक्षा विभाग खेल की सहायक निदेशक डॉ. वीना सिंह यहां पहुंचीं तथा प्रतियोगिता से जुड़ी पीटीआई, डीपीई व अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए।


भिवानी। स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### ड्यूटियां लगाई गई

प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर करीबन 300 पीटीआई व डीपीई की ड्यूटियां लगाई गई हैं। सहायक निदेशक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि देशभर के विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों एवं अधिकारियों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। डॉ. अनिल कुमार, मदन गोपाल प्रवक्ता, विनोद पिंकू, प्रीतपाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### रानी लक्ष्मीबाई को किया याद

**भिवानी।** रानी लक्ष्मीबाई 1857 की राज्य क्रान्ति की शहीद वीरांगना थीं। उन्होंने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुईं। ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र पाल यादव ने रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही।उन्होंने बताया कि लक्ष्मीबाई का जन्म वाराणसी में 19 नवम्बर 1828 को हुआ था, उनका बचपन का नाम मणिकर्णिका था, लेकिन प्यार से उन्हें मनु कहा जाता था। उनकी मां का नाम भागीरथीबाई और पिता का नाम मोरोपंत तांबे था। इस अवसर पर धर्मपाल ग्रेवाल, जसबीर फौजी, बिजेन्द्र कोंट, सुरजभान बामला, रणवीर सांगवान, सुरेश किराड़, चतर जीताखेड़ी, अमरसिंह यादव, धर्मपाल ग्रेवाल, प्रकाश धनाना, रामपाल यादव, सुभाष बामला, जंगबीर भैणी, रामअवतार गुप्ता व रामनिवास आदि उपस्थित रहे।

### खूब लड़ी मर्दानी थी वो झांसी वाली रानी थी : कौशिक




**बवानीखेड़ा।** भारत देश वीर शहीदों व अमर वीरांगनाओं का देश है। हमेशा राष्ट्र की रक्षा में वीर जवानों के साथ रानी लक्ष्मीबाई जैसी क्रांतिकारी शक्तियों ने बलिदान दिया है। उक्त शब्द आयुष विभाग के आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने शहर बवानी खेड़ा के तुलसी चौक में उपस्थित मौजिज व्यक्तियों व पूर्व सैनिकों के साथ कहे। उन्होंने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हकिए। बेटियां देश की शान फाउंडेशन के सदस्य व सर्व ब्राह्मण महासभा रजिस्टर्ड ऑस्ट्रेलिया हरियाणा के संयोजक गजानंद कौशिक के नेतृत्व में सैनिक कंवर भान सिंह तंवर, जुगलाल रोहिला, कृष्ण शर्मा, देवेंद्र गुर्जर, विष्णु शर्मा, रामफल मित्तल, रवि तंवर, दिनेश शर्मा, रामकुमार, संजय लोहार के साथ रानी लक्ष्मीबाई की वीर गाथाओं को याद करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और देश रक्षा में उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

### सीजेएम पवन कुमार ने जेल का निरीक्षण किया

**भिवानी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने स्थानीय जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने जेल बंदियों को अपील से संबंधित अधिकारों के प्रति जागरूक किया। एक-एक बंदी की अपील से संबंधित समस्याओं को सुनकर उन्हें कानूनी जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने जेल प्रशासन को स्वच्छता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों से कहा कि यदि उनको अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत मुफ्त कानूनी सेवाएं प्राप्त कर सकता है। यह पहल न्यायिक प्रक्रिया में कैदियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए की जा रही है। अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी को भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता और कैदियों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सक्रिय है। उन्होंने कहा कि जेल में सुधार और कैदियों की बेहतरी के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

प्रवचन

## खाकी बाबा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथामृत शुरू

भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र धर्म स्थापना के लिए

# भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श जीवन से शिक्षा ग्रहण कर जीवन को बनाएं महान : साध्वी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में खाकी बाबा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथामृत का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने किया। कथा के पहले दिन साध्वी जयंती भारती ने श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण कथामृत के महत्व से अवगत करवाया। कथावाचक साध्वी जयंती भारती ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व अत्यंक विराट एवं अलौकिक है, उनके आदर्श जीवन से ही शिक्षा ग्रहण करके मानव अपने जीवन को महान बना सकता है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र धर्म स्थापना के जिस संदेश को धारण किए हुए है, वह हर काल, युग व देश की सीमाओं से परे है तथा वर्तमान युग की समस्त समस्याओं का निवारण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक मनुष्य का अंतःकरण अंधकारमय है। अज्ञानता के तम से आच्छादित है।


भिवानी। श्रीकृष्ण कथामृत में प्रवचन देती साध्वी जयंती भारती।

### भारतीय नारी का स्थान बहुत ऊंचा

साध्वी जयंती भारती ने कहा कि भारतीय नारी ऐतिहासिक एवं पौराणिक दृष्टि से अपना विशिष्ट स्थान बनाए हुए है। वैदिक काल में भारतीय नारी का स्थान बहुत ऊंचा रहा है। विद्या का आदर्श सरस्वती में, धन का आदर्श लक्ष्मी में, पराक्रम का आदर्श दुर्गा में, पवित्रता का गंगा में पाया जाता है। आज समय है जब नारी के प्रति हमें अपनी बीमार मानसिकता को बदलना होगा, तभी संस्कृत समाज की कल्पना की जा सकती है, क्योंकि सुसंस्कृत एवं सुशिक्षित समाज का आधार सुसंस्कृत एवं सुशिक्षित नारी ही है।

### राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अग्रणी : साध्वी जयंती

**भिवानी।** विद्या विनय, परहित एवं समाजसेवा की भावना जागृत करती हैं, आज श्रेष्ठ समाज के निर्माण से पहले व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण की आवश्यकता हैं, ये उद्गार आदर्श महिला महाविद्यालय में एथिक सेल द्वारा दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान विषय 'व्यक्तित्व विकास और आत्मिक ऊर्जा की जागृति' पर बतौर मुख्य वक्ता साध्वी जयंती भारती ने कहे। उन्होंने कहा कि शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक स्तर पर विकास को व्यक्ति का पूर्ण विकास नहीं कहा जा सकता। सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास केवल आत्मिक जागृति से ही संभव हैं। उन्होंने बताया कि मूल्यनिष्ठ समाज की नींव सशक्त महिलाएं हैं।


कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करती साध्वी जयंती भारती।